**भारत सरकार**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**
**(वाणिज्य विभाग)**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. 352**

**<u>दिनांक 25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>**

**एक जिला, एक उत्पाद तथा निर्यात केन्द्र के रुप में जिला संबंधी पहल**

***352. श्री जी. लक्ष्मीनारायणः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि**:**

(क) आंध्र प्रदेश के लिए एक जिला, एक उत्पाद तथा निर्यात केन्द्र के रुप में जिला (ओडीओपी–डीईएच) संबंधी पहल के तहत चिन्हित उत्पादों का ब्यौरा क्या है तथा उनके चयन के लिए क्या मानदंड अपनाए गए है;
(ख) आंध्र प्रदेश में उक्त पहल के तहत क्षमता निर्माण, अवसंरचना विकास तथा प्रोत्साहन कार्यकलापों के लिए आवंटित तथा उपयोग की गई धनराशि का जिलावार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के सहयोग से विकास के लिए जमीनी स्तर पर पहल (जीआरआईडी) कार्यक्रम के हत एक्जिम बैंक द्वारा आंध्र प्रदेश के किसी जिले का चयन किया गया है;
(घ) यहि हां, तो जीआरआईडी कार्यक्रम के तहत आंध्र प्रदेश द्वारा जिलों के लिए प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है;
(ड.) उक्त कार्यक्रम के तहत स्वीकृत प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है तथा उक्त प्रस्तावों के लिए कितनी धनराशि आवंटित, जारी और उपयोग की गई है; और
(च) जीआरआईडी कार्यक्रम के तहत निर्मित अवसंरचनात्मक सुविधाओं का ब्यौरा क्या है तथा इस कार्यक्रम से कितने लाभार्थियों को फायदा हुआ है**?**

**उत्तर**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में मंत्री**
**(श्री पीयूष गोयल)**

**(क) से (च):** एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

***

**"एक जिला, एक उत्पाद तथा निर्यात केन्द्र के रूप में जिला संबंधी पहल" के बारे में दिनांक 25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 352 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

**(क)** अगस्त 2019 में लॉन्च की गई निर्यात केन्द्र के रूप में जिले (डीईएच) पहल का उद्देश्य भारत के प्रत्येक जिले से उन उत्पादों और सेवाओं को चिन्हित करना, उनकी ब्रांडिंग करना और उन्हें बढ़ावा देना है, जिनमें विशिष्ट आर्थिक क्षमता है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक जिले की अंतर्निहित शक्तियों और प्रतिस्पर्धी लाभों का फायदा उठाकर निर्यात को बढ़ावा देना है, साथ ही विकेंद्रीकृत और समावेशी निर्यात वृद्धि को बढ़ावा देना भी है।

डीईएच ढांचे के अंतर्गत, उत्पादों और सेवाओं की पहचान संबंधित राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के साथ परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से की गई है, जिसमें मौजूदा उत्पादन क्लस्टर, निर्यात क्षमता, स्थानीय विशेषज्ञता, रोजगार सृजन और उत्पाद के ऐतिहासिक या सांस्कृतिक महत्व जैसे कारकों को ध्यान में रखा गया है।

आंध्र प्रदेश के मामले में, डीईएच पहल के तहत चिन्हित किए गए उत्पादों और सेवाओं की जिले–वार विस्तृत सूची, अनुलग्नक–क पर दी गई है।

एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल का उद्देश्य सभी क्षेत्रों में समग्र विकास को सक्षम करने के लिए देश के प्रत्येक जिले (एक जिला – एक उत्पाद) से कम से कम एक उत्पाद का चयन, ब्रांडिंग और प्रचार करना है।

ओडीओपी के लिए उत्पादों का चयन संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के प्राधिकारियों की सिफारिशों के अनुसार किया जाता है। ओडीओपी पहल के तहत, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र जमीनी स्तर पर मौजूदा पारिस्थितिकी तंत्र, निर्यात की क्षमता और जीआई–टैग वाले उत्पादों को ध्यान में रखते हुए ओडीओपी सूची के लिए उत्पादों का चयन करते हैं। अंतिम सूची राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के संबंधित विभाग द्वारा डीपीआइआइटी को भेजी जाती है।

आंध्र प्रदेश राज्य से आज की तिथि तक ओडीओपी पहल के तहत चिन्हित किए गए विशिष्ट उत्पादों (जिला–वार) का विवरण अनुलग्नक–ख पर दिया गया है।

**(ख)** ओडीओपी–डीईएच पहल वर्तमान में एक जारी पहल है जिसमें विभिन्न योजनाओं के तहत मौजूदा निधियों का लाभ उठाया जाता है और उक्त पहल के तहत अलग से कोई परिव्यय नहीं है। प्रचार क्रियाकलाप वाणिज्य विभाग, डीपीआइआइटी और संबंधित राज्य सरकार के मौजूदा फंड से किए जातें हैं।

**(ग)** से **(च)** एक्जिम बैंक के विकास के लिए जमीनी स्तर पर पहल (जीआरआईडी) कार्यक्रम के अंतर्गत प्रायोगिक परियोजना के भाग के रूप में डीजीएफटी के सहयोग से आंध्र प्रदेश के किसी भी जिले को प्रायोगिक चरण में शामिल नहीं किया गया है।

**अनुलग्नक – क**

| क्र. सं. | जिला | डीईएच के अंतर्गत चिन्हित किए गए उत्पाद/सेवाएँ |
|---|---|---|
| 1 | अल्लूरी सीतारमा राजू | अराकू कॉफी |
| 2 | अनकापल्ली | गुड़, कॉयर उत्पाद और एटिकोप्पाका लकड़ी के खिलौने |
| 3 | अनंतपुरमु | ताजे फल और सब्जियां, रेडीमेड वस्त्र, मूंगफली उत्पाद और मिलेट्स उत्पाद |
| 4 | अन्नमय्या | बैराइट्स लम्प्स और पाउडर, ताजे फल और सब्जियां, ग्रेनाइट ब्लॉक और पॉलिश्ड् स्लैब, हैन्डलूम की रेशमी साड़ियाँ |
| 5 | बापतला | संसाधित झींगा, ग्रेनाइट और कपास धागा/ओलियोरेसिन |
| 6 | चित्तूर | आम का गूदा, पॉलिश्ड् ग्रेनाइट और रॉ ग्रेनाइट ब्लॉक |
| 7 | डॉ. बी.आर. अंबेडकर कोनासीमा | कॉयर उत्पाद, फ्रोजन झींगा |
| 8 | पूर्वी गोदावरी | काजू और काजू की गिरी, नर्सरी पौधे और कॉयर आधारित उत्पाद |
| 9 | एलुरू | झींगा, एक्वा फीड, और मानव बाल उत्पाद |
| 10 | गुंटूर | कपास धागा, मिर्च और हल्दी |
| 11 | काकीनाडा | फ्रोजन झींगा, काजू की गिरी, चावल (गैर–बासमती) |
| 12 | कृष्णा | फ्रोजन झींगा, कृत्रिम आभूषण, कलमकारी उत्पाद, वस्त्र और चादरें |
| 13 | कुरनूल | कपास, मिर्च, कास्टिक सोडा फ्लेक्स, हाइड्रोजनीकृत अरंडी का तेल, और फॉक्सटेल मिलेट्स |
| 14 | नंदयाल | पत्थर की मूर्तियाँ और स्लैब पॉलिशिंग |
| 15 | एनटीआर | वस्त्र, आम, फार्मास्यूटिकल्स और एपीआई, और कास्टिंग (ऑटो संघटक) |
| 16 | पलनाडु | मसाले और वस्त्र |
| 17 | पार्वतीपुरम मान्यम | चावल |
| 18 | प्रकासम | ग्रेनाइट और समुद्री खाद्य उत्पाद, मसाले |
| 19 | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | संसाधित समुद्री खाद्य पदार्थ, चावल, नींबू आधारित उत्पाद, लकड़ी की कटलरी और खनिज आधारित उत्पाद |
| 20 | श्री सत्य साई | रेशमी साड़ियाँ और रेशमी वस्त्र, चमड़े की कठपुतलियाँ, दीवार पर लटकने वाली वस्तुएँ और लैंप शेड, रेडीमेड वस्त्र और परिधान |
| 21 | श्रीकाकुलम | फार्मास्युटिकल उत्पाद, ग्रेनाइट, काजू और समुद्री खाद्य उत्पाद |
| 22 | तिरुपति | ऑटोमोबाइल संघटक, वस्त्र उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद और फार्मा उत्पाद |
| 23 | विशाखापत्तनम | समुद्री/समुद्री खाद्य उत्पाद, इंजीनियरिंग वस्तुएं और स्वास्थ्य सेवाएँ |
| 24 | विजयनगरम | आम, आम जेली और काजू गिरी |
| 25 | पश्चिमी गोदावरी | संसाधित झींगा, कॉयर और संबद्ध उत्पाद, तथा क्रोशिया लेस उत्पाद |
| 26 | वाईएसआर कडप्पा | बेरियम क्लोराइड, बेरियम नाइट्रेट, बेरियम कार्बोनेट, सोडियम सल्फाइड फ्लेक्स |

अनुलग्नक – ख

| क्र. सं. | जिला | उत्पाद | श्रेणी | क्षेत्र | जीआइ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | कॉफी (अराकू) | प्राथमिक | कृषि | हाँ |
| 2 | अल्लूरी सीताराम राजू | बांस शिल्प | द्वितीयक | हस्तशिल्प | |
| 3 | अल्लूरी सीताराम राजू | रॉक बी हनी | तृतीयक | खाद्य प्रसंस्करण | |
| 4 | अनकापल्ली | एतिकोप्पाका लाख का सामान/लकड़ी के खिलौने | प्राथमिक | हस्तशिल्प | हाँ |
| 5 | अनकापल्ली | ताड़ का पत्ता | द्वितीयक | कृषि | |
| 6 | अनकापल्ली | पायकाराओपेट सिल्क साड़ियाँ | तृतीयक | हथकरघा | |
| 7 | अनंतपुरम (अनंतपुर) | कपास/जींस पैंट | प्राथमिक | वस्त्र | |
| 8 | अनंतपुरम (अनंतपुर) | धर्मावरम सिल्क साड़ियाँ | द्वितीयक | हथकरघा | हाँ |
| 9 | अन्नामय्या (रायचोटी) | कपास/ जीन पैंट | प्राथमिक | वस्त्र | |
| 10 | अन्नामय्या (रायचोटी) | रेड सैन्डर और लकड़ी की नक्काशी | द्वितीयक | हस्तशिल्प | |
| 11 | अन्नामय्या (रायचोटी) | राजा रानी गुड़िया | तृतीयक | हस्तशिल्प | |
| 12 | अन्नामय्या (रायचोटी) | एप्लिक वर्क | अन्य | हथकरघा | |
| 13 | अन्नामय्या (रायचोटी) | मदनपल्ले सिल्क साड़ी | अन्य | हथकरघा | |
| 14 | बापतला | ग्रेनाइट काटना और पॉलिश करना | प्राथमिक | विनिर्माण | |
| 15 | बापतला | कॉटन बैग | द्वितीयक | हस्तशिल्प | |
| 16 | बापतला | चिराला सिल्क साड़ियाँ | तृतीयक | हथकरघा | |
| 17 | | वेंकटगिरी साड़ियाँ | प्राथमिक | हथकरघा | हाँ |
| 18 | चित्तूर | मैंगो पल्प | द्वितीयक | खाद्य प्रसंस्करण | |
| 19 | चित्तूर | कांच के मोती | तृतीयक | विनिर्माण | |
| 20 | चित्तूर | कोलंगंतु टाई एंड डाई चेक लुंगी | अन्य | वस्त्र | |
| 21 | चित्तूर | टेरकोटा | अन्य | हस्तशिल्प | |
| 22 | डॉ. बीआर अंबेडकर कोनसीमा | प्राकृतिक केले का फाइबर | अन्य | विनिर्माण | |
| 23 | डॉ. बीआर अंबेडकर कोनसीमा | बंडारू लंका साड़ी | अन्य | हथकरघा | |
| 24 | डॉ. बीआर अंबेडकर कोनसीमा | अंगारा साड़ी | अन्य | हथकरघा | |
| 25 | डॉ. बीआर अंबेडकर कोनसीमा | नारियल और कॉयर | प्राथमिक | हस्तशिल्प | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 26 | डॉ. बीआर अंबेडकर कोनसीमा | झींगा | द्वितीयक | समुद्री | |
| 27 | डॉ. बीआर अंबेडकर कोनसीमा | तेल और प्राकृतिक गैस | तृतीयक | अन्य | |
| 28 | डॉ. बीआर अंबेडकर कोनसीमा | पसलापुडी साड़ियाँ | अन्य | हथकरघा | |
| 29 | पूर्वी गोदावरी | फल आधारित खाद्य उत्पाद (अचार, आम जेली, फलों का गूदा, काजू, नींबू का अर्क) | प्राथमिक | खाद्य प्रसंस्करण | |
| 30 | पूर्वी गोदावरी | रत्नम पेन्स | द्वितीयक | विनिर्माण | |
| 31 | पूर्वी गोदावरी | सफेद लकड़ी के पक्षी | तृतीयक | हस्तशिल्प | |
| 32 | पूर्वी गोदावरी | पुलगुरता वस्त्र शर्टिंग और साड़ियाँ | अन्य | वस्त्र | |
| 33 | पूर्वी गोदावरी | मुरामुंडा कॉटन शर्टिंग और साड़ी | अन्य | वस्त्र | |
| 34 | पूर्वी गोदावरी | वीरवरम सिल्क साड़ियाँ | अन्य | हथकरघा | |
| 35 | पूर्वी गोदावरी | दुल्ला साड़ियाँ | अन्य | हथकरघा | |
| 36 | एलुरु | सोने के आभूषण | प्राथमिक | हस्तशिल्प | |
| 37 | एलुरु | हाथ से बुनी कालीन बुनाई | द्वितीयक | हस्तशिल्प | |
| 38 | एलुरु | वकिंग स्टिक | तृतीयक | हस्तशिल्प | |
| 39 | एलुरु | नुजिवीदु वीणा | अन्य | हस्तशिल्प | |
| 40 | एलुरु | एलुरू कॉटन साड़ियाँ | अन्य | हथकरघा | |
| 41 | गुंटूर | मिर्च | प्राथमिक | कृषि | हाँ |
| 42 | गुंटूर | कांस्य ढलाई | द्वितीयक | विनिर्माण | |
| 43 | गुंटूर | मंगलगिरी साड़ियाँ और कपड़ा | तृतीयक | हथकरघा | हाँ |
| 44 | काकीनाडा | उप्पाडा जामदानी साड़ी | प्राथमिक | हथकरघा | हाँ |
| 45 | काकीनाडा | पेद्दापुरम सिल्क धोती, अप्पर और शर्टिंग | द्वितीयक | वस्त्र | |
| 46 | काकीनाडा | कलमकारी ब्लॉक प्रिंटिंग | तृतीयक | हथकरघा | |
| 47 | काकीनाडा | काजू गिरी | अन्य | कृषि | |
| 48 | कृष्णा | मछलीपट्टनम कलमकारी | प्राथमिक | हथकरघा | हाँ |
| 49 | कृष्णा | कलमकारी ब्लॉक प्रिंटिंग | द्वितीयक | हथकरघा | हाँ |
| 50 | कृष्णा | पेड़ाना कलमकारी कपड़े | तृतीयक | वस्त्र | हाँ |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 51 | कृष्णा | बंदर/पोलावरम साड़ी | अन्य | हथकरघा | |
| 52 | कृष्णा | सोने के आभूषण | अन्य | हस्तशिल्प | |
| 53 | कुरनूल | पत्थर पर नक्काशी किये गये उत्पाद | प्राथमिक | हस्तशिल्प | |
| 54 | कुरनूल | कोडुमुरु गडवाल साड़ी | द्वितीयक | हथकरघा | |
| 55 | कुरनूल | येम्मिगनुरु बेडशीट | तृतीयक | वस्त्र | |
| 56 | नांदयाल | अल्लागड्डा पत्थर की नक्काशी | तृतीयक | हस्तशिल्प | हाँ |
| 57 | नांदयाल | बंगनपल्ली आम | प्राथमिक | खाद्य प्रसंस्करण | हाँ |
| 58 | नांदयाल | नंदीवर्गम सादा तौलिए और सादी लुंगी | द्वितीयक | वस्त्र | |
| 59 | एनटीआर (विजयवाड़ा) | कोंडापल्ली खिलौने | प्राथमिक | हस्तशिल्प | हाँ |
| 60 | एनटीआर (विजयवाड़ा) | बंदर प्रकार की रेशम (आर्ट सिल्क) साड़ियाँ | द्वितीयक | हथकरघा | |
| 61 | पलनाडु (नरसारावपेट) | दुर्गी पत्थर की नक्काशी | प्राथमिक | हस्तशिल्प | हाँ |
| 62 | पलनाडु (नरसारावपेट) | सत्तेनपल्ली बेडशीट | द्वितीयक | वस्त्र | |
| 63 | पलनाडु (नरसारावपेट) | चमड़े की कठपुतलियाँ | तृतीयक | हस्तशिल्प | हाँ |
| 64 | पलनाडु (नरसारावपेट) | मसाला उत्पाद | अन्य | कृषि | |
| 65 | पार्वतीपुरम मन्यम | बोबिल्ली वीणा | प्राथमिक | हस्तशिल्प | हाँ |
| 66 | पार्वतीपुरम मन्यम | बोबिल्ली साड़ी | द्वितीयक | हथकरघा | |
| 67 | पार्वतीपुरम मान्यम | सेवेरा आदिवासी पेंटिंग्स | तृतीयक | हस्तशिल्प | |
| 68 | पार्वतीपुरम मान्यम | चावल | अन्य | कृषि | |
| 69 | प्रकासम | ग्रेनाइट (ब्लैक गैलेक्सी) | प्राथमिक | विनिर्माण | |
| 70 | प्रकासम | एथमुक्काला चेक लुंगी | द्वितीयक | वस्त्र | |
| 71 | एसपीएसआर नेल्लोर | उदयगिरि लकड़ी कटलरी | प्राथमिक | हस्तशिल्प | हाँ |
| 72 | एसपीएसआर नेल्लोर | पत्तुरु कॉटन सिल्क साड़ियाँ | द्वितीयक | हथकरघा | हाँ |
| 73 | श्री सत्य साईं (पुट्टपर्थी) | रेशम की साड़ियाँ | प्राथमिक | हथकरघा | |
| 74 | श्री सत्य साईं (पुट्टपर्थी) | चमड़े की कठपुतलियाँ | द्वितीयक | हस्तशिल्प | हाँ |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 75 | श्री सत्य साईं (पुट्टापर्थी) | धर्मावरम रेशम की साड़ियाँ | तृतीयक | हथकरघा | हाँ |
| 76 | श्रीकाकुलम | पोंडुरु कॉटन साड़ी | प्राथमिक | वस्त्र | |
| 77 | श्रीकाकुलम | बुदिथी पीतल के बर्तन | द्वितीयक | हस्तशिल्प | हाँ |
| 78 | श्रीकाकुलम | पोंडुरु धोती और शर्टिंग | अन्य | वस्त्र | |
| 79 | श्रीकाकुलम | जूट का सामान | अन्य | हस्तशिल्प | |
| 80 | श्रीकाकुलम | काजू की गुठली | तृतीयक | कृषि | |
| 81 | तिरुपति | श्रीकालहस्ती कलमकारी कपड़े/हस्तशिल्प | प्राथमिक | हथकरघा | हाँ |
| 82 | तिरुपति | वेंकटगिरी कॉटन साड़ी | द्वितीयक | हथकरघा | हाँ |
| 83 | तिरुपति | पेन कलमकारी | तृतीयक | हथकरघा | हाँ |
| 84 | तिरुपति | लकड़ी की नक्काशी | अन्य | हस्तशिल्प | |
| 85 | तिरुपति | भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की फोटो | अन्य | हस्तशिल्प | |
| 86 | तिरुपति | चेन्नुरु सिल्क साड़ी | अन्य | हथकरघा | |
| 87 | विशाखापत्तनम | समुद्री खाद्य क्लस्टर | प्राथमिक | समुद्री | |
| 88 | विशाखापत्तनम | टोकरी बुनाई | द्वितीयक | हस्तशिल्प | |
| 89 | विजयनगरम | मैंगो जेली | प्राथमिक | खाद्य प्रसंस्करण | |
| 90 | विजयनगरम | बोबिल्ली वीणा | द्वितीयक | हस्तशिल्प | हाँ |
| 91 | विजयनगरम | डिजाइन बेडशीट | तृतीयक | वस्त्र | |
| 92 | पश्चिम गोदावरी जिला | प्रसंस्कृत प्रॉन और श्रिम्प | प्राथमिक | समुद्री | |
| 93 | पश्चिम गोदावरी जिला | वीमावरम लाइट वेट साड़ियाँ | द्वितीयक | हथकरघा | |
| 94 | पश्चिम गोदावरी जिला | क्रोशिया लेस | तृतीयक | हथकरघा | |
| 95 | पश्चिम गोदावरी जिला | नार्सपुर क्रोशिया लेस | अन्य | हथकरघा | हाँ |
| 96 | वाइएसआर कडप्पा | वोनिपेंटा पीतल | द्वितीयक | हस्तशिल्प | |
| 97 | वाइएसआर कडप्पा | माधवरम साड़ी | तृतीयक | हथकरघा | |
| 98 | वाइएसआर कडप्पा | प्रोड्डूर रॉ (कोरा) सिल्क शर्टिंग | अन्य | तृतीयक | |
| 99 | वाइएसआर कडप्पा | बैराइट्स और बेरियम यौगिक | प्राथमिक | अन्य | |